
सहयोग पोर्टल पर लंबित शिकायतों का समय सीमा में करें निष्पादन : अमृषा

अरवल। जिला पदाधिकारी अमृषा बैस ने सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सहयोग पोर्टल एवं जनता से साक्षात्कार के माध्यम से प्राप्त शिकायतों और आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागवार आवेदनों की स्थिति एवं लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए। आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्काल समाधान योग्य मामलों का शीघ्र निष्पादन करें तथा जांच से संबंधित मामलों में समयबद्ध कार्रवाई कर अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। साथ ही आवेदकों को की गई कार्रवाई की जानकारी भी दें। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निष्पादन में लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह रहने का निर्देश दिया गया।

कहा, किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखें



जिले में धूमधाम और उत्साह के साथ मनायी गयी दीपावली

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना

अरवल। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों एवं पूजा पंडालों में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। शाम होते ही घरों और प्रतिष्ठानों में दीप जलाए गए तथा लोगों ने आतिशबाजी कर दीपावली की खुशियां मनाईं। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे। साथ ही लगातार गश्ती कराई जा रही थी और कंट्रोल रूम से पूरे जिले की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जानकारी के अनुसार बुधवार को निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जाएगा। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों को सूर्यास्त से पहले विसर्जन पूरा करने का निर्देश दिया है। विसर्जन के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों का डीजे जब्त करने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस लगातार निगरानी और गश्ती कर रही है।

पुलिस एकादश ने पत्रकार एकादश को सात विकेट से हराया

दीप प्रकाश बने मैन ऑफ द मैच, इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने खेली 64 रनों की शानदार पारी

अरवल। पुलिस लाइन अरवल में दीपावली के अवसर पर पुलिस एकादश और पत्रकार एकादश के बीच रोमांचक क्रिकेट मुकाबला खेला गया। पुलिस एकादश ने टॉस जीतकर पत्रकार टीम को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया। पत्रकार एकादश ने निर्धारित 15 ओवर में चार विकेट खोकर 108 रन बनाए। जवाब में पुलिस टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की। पत्रकार टीम की कप्तानी बब्लू सिन्हा ने की, जबकि पुलिस टीम का नेतृत्व एसपी किरण कुमार गोरख जाधव ने किया।

पत्रकार टीम की ओर से दीप प्रकाश ने 40 गेंदों पर 70 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। वहीं पुलिस टीम की ओर से सर्किल इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने 64 रनों की शानदार पारी खेली। पत्रकार एकादश की ओर से संजय कुमार रंजन, अनिरुद्ध कुमार, मृत्युंजय कुमार एवं सत्येंद्र कुमार, विश्वनाथ प्रताप यादव सहित कुल 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। राजू कुमार ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि आशुतोष कुमार ने मार्गदर्शन किया। मैच के बाद विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी तथा खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। एसपी ने कहा कि खेल से आपसी सौहार्द, भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत होती है।

मध्य विद्यालय की शिक्षिका मानसी रानी की संदिग्ध स्थिति में मौत

पति और ससुराल पक्ष पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप

करपी, अरवल। शहर तेलपा थाना क्षेत्र के बेलखारा स्थित मध्य विद्यालय में कार्यरत 30 वर्षीय शिक्षिका मानसी रानी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर की निवासी थीं। घटना के बाद उनके परिजनों ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों ने बिहार सरकार एवं अरवल जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। मानसी रानी कोमल सिंह चौहान की पुत्री थीं और बेलखारा स्थित सरकारी मध्य विद्यालय में टीआर-1 शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं। उनकी शादी 19 फरवरी 2026 को बिजनौर जिले के धामपुर थाना क्षेत्र के कुंवर का बसेरा निवासी मित्रपाल सिंह के साथ हुई थी। उनके पति भारतीय वायुसेना में कारपेंटर के पद पर कार्यरत बताए जा रहे हैं। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही दहेज की मांग को लेकर मानसी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा था। परिजनों ने पति के किसी अन्य युवती से प्रेम प्रसंग होने की बात भी कही है। उनका दावा है कि घरेलू विवाद और कथित प्रताड़ना से परेशान होकर मानसी ने आत्महत्या कर ली। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों और आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। परिजनों ने घटना के सभी पहलुओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में शहर तेलपा थानाध्यक्ष ने बताया कि शिक्षिका की मौत का मामला संज्ञान में आया है। आवेदन के आलोक में कार्रवाई की जा रही है। मामले में जल्द गिरफ्तारी भी की जाएगी।

धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा का त्योहार

मधुश्रवां मठिया में विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना

गायों की पूजा कर श्रद्धालुओं के बीच बांटा गया प्रसाद

अरवल। जिले में गोवर्धन पूजा का त्योहार धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कलेर प्रखंड क्षेत्र के मधुश्रवां मठिया में गोवर्धन भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा का आयोजन मुख्य स्रोता सरदार कुमार, उदय कुमार एवं बैजनाथ यादव द्वारा किया गया। इस दौरान मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान गोवर्धन की परिक्रमा की तथा सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद गायों की भी विधिवत पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक परंपरा के अनुसार आयोजित इस पूजा में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूजा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन के माध्यम से लोगों ने अपनी धार्मिक आस्था और परंपराओं के प्रति श्रद्धा प्रकट की।



जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने दिये निर्देश

विकास योजनाओं में तेजी लाएं, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करें : अमृषा



अरवल। जिलाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान डीएम ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने धीमी प्रगति वाली योजनाओं में तेजी लाने, लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और प्रगति प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराएं। बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बाइक-साइकिल की टक्कर में दो घायल

मखदुमपुर। मखदुमपुर बाजार मे मोटरसाइकिल और साइकिल की टक्कर हो गई जिसमें एक युवक और एक किशोर घायल हो गए। घटना सोमवार की है। घायल साइकिल सवार मनोज कुमार बीरा गांव का रहने वाला है। जबकि मोटरसाइकिल सवार पवन कुमार महेवा का रहने वाला था।

पूर्व मध्य रेल
ई. निविदा सूचना
ई-निविदा नोटिस सं0-07 ऑफ 2026-27/ गुणा/गति शक्ति इकाई, डीडीयू
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ आरएसपी/ महेन्द्रू घाट एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सक्षम ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।
निविदा सं0-07-डीडीयू- उप मुख्य परियोजना प्रबंधक- गति शक्ति इकाई - 26-27, कार्य का नाम एवं लोकेशन: पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के [illegible] के अंतर्गत AUBR, GAYA, IMGE एवं SEB स्टेशनों के माल गोदामों (Goods Sheds) में पहुँच मार्ग के उन्नयन, प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रावधान एवं ग्राहक सुविधाओं के विकास से संबंधित सिविल इंजीनियरिंग कार्यों का शेष कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 102577847.18, **धरोहर राशि:** ₹ 2051600.00, **ई-निविदा हेतु बोली की तिथि एवं समय:** 27.11.2026 को 15:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in **नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी, महेन्द्रू घाट, पटना
पीआर/1314/[illegible]/26-27/40

वर्गीकृत

शपथ पत्र
मैं, सौरभ विजय, पिता-रामानंद पासवान, निवास-ग्राम-सैदपुर, पो.-करौटा, थाना-सालिमपुर, जिला-पटना (बिहार)-803202, शपथ पत्र सं.-621 ता. 3.10.26 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम सौरभ विजय है लेकिन मेरे मार्कशीट में मेरा नाम मनिकेश कुमार है, जो सही है। अब मैं मनिकेश कुमार के नाम से जाना एवं पहचाना जाऊंगा।

Name Change
I, hitherto known as Mohammad Fakruddin (Old Name) Son of Md Iftekhar Ahmad (father name) residing at Mahesh Asthan P.O.-Ratwara Bindwara, P.S.-Aurai Distt.-Muzaffarpur (Residential address) have changed my name and shall hereafter be known as Mohammad Fakhruddin (New Name). It is certified that I have complied with name and legal requirements in this connection.

नाम परिवर्तन
मैं, अविनाश कुमार शर्मा, पुत्र अम्बिका प्रसाद शर्मा, निवास-बिग्रहपुर बस स्टैण्ड के पास, पटना-800001 शपथ पत्र सं. 94 ता. 30.10.26 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि अविनाश कुमार शर्मा एवं अविनाश कुमार दोनों नाम मेरा ही है। मैं इन दोनों नामो से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मेरा ICICI Bond No. 4325858 है।
CM-07812

Affidavit
I, RAJENDRA KUMAR, S/o – RAM EKBAL SINGH, R/o – Rewai, Mau, Gaya, Bihar – 824235. Do hereby solemnly affirm and declare that in my son's (ASHISH RANJAN) Aadhaar card his name is mentioned as PRINCE KUMAR. But, in his educational documents of class 10th (CBSE) and in intermediate (BSEB) his name is mentioned as ASHISH RANJAN. Here, both the names PRINCE KUMAR and ASHISH RANJAN belong to the names of my same son. And, from now in his future he will be known as ASHISH RANJAN for all his legal purposes. Affidavit no. – 10 Date: - 16/10/2026.

Name Change
I, AMARJEET KUMAR, S/o – LATE RAM SUNDAR SHARMA, R/o – Vill – Mirzapur, P.S. - Didarganj, P.O. – Rukunpur, Rukunpura, Fatuha, Patna, Bihar – 803201. Do hereby solemnly affirm and declare that in my son's (HARSHIT RAJ) birth certificate as well as in his school his name is mentioned as HARSHIT RAJ. But, in his Aadhaar card his name is mentioned as ARMAN RAJ. And, from now in his future he will be known as HARSHIT RAJ for all his legal purposes. Affidavit no. – 4492 Date: - 12/10/2026 .

पाठकों से
'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

शपथ पत्र
मैं सदन कुमार, पिता रामशरण प्रसाद, ग्राम+पोस्ट-महानंदपुर, थाना-दीपनगर, जिला-नालंदा, राज्य-बिहार का स्थायी निवासी हूं। मैं शपथ पत्र संख्या 40917 दिनांक 30.10.2026 के माध्यम से घोषणा करता हूं कि मेरा आधार कार्ड संख्या 973437465934 में मेरा नाम सदन कुमार है जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी के पॉलिसी संख्या-513326103 में मेरा नाम सत्येन्द्र कुमार हो गया है। सदन कुमार एवं सत्येन्द्र कुमार दोनों मेरा ही नाम है। मैं दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं।

शपथ पत्र
मैं संगोजा देवी पति हरिओम यादव ग्राम हसौरा पो.-जहानाबाद थाना-जिला जहानाबाद। मेरे नाम से आधार कार्ड निर्गत किया गया है जिसका आधार नं 2232 7727 4751 है जिस पर मेरा नाम संगोजा देवी पति हरिओम यादव दर्ज है। मेरे नाम से एक खाता पंजाब नेशनल बैंक, जहानाबाद का है जिसका खाता नं-19391001000 29782 है जिस पर मेरा नाम संगोजा देवी है। मेरे नाम से एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम जहानाबाद का है जिसका पालिसी नं 51786 3457 दिनांक 08.09.2011 है जिसपर मेरी नाम सरोज देवी दर्ज है। संगोजा देवी एवं सरोज देवी पति हरिओम यादव दोनों नाम मेरा ही है। मैं दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूँ। शपथ पत्र संख्या 23878/06.10.26

शपथ पत्र
मैं, विनीत कुमार उर्फ विनोद कुमार, पिता जयप्रकाश सिंह, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम छतवारा खाशपट्टी माधोपुर निझमा, जिला वैशाली, बिहार, शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में नाम विनोद कुमार तथा मतदाता पहचान पत्र एवं विद्यालय स्थानांतरण प्रमाणपत्र में नाम विनीत कुमार अंकित है। दोनों नाम मेरे ही हैं और मैं एक ही व्यक्ति हूं। आधार कार्ड में यह अंतर त्रुटिवश है। यह शपथपत्र संबंधित प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बनाया गया है।

Name Change
I, AMIT KUMAR BHARTI, S/o – PAWAN KUMAR MANDAL, R/o – Village – Mahuar, katihar, Bihar - 854116. Do hereby solemnly affirm and declare that in my daughter's (ISHIKA BHARTI) Aadhaar card her name is mentioned as BHAVPRITA KUMARI. But, in her birth certificate as well as in her school her name is mentioned as ISHIKA BHARTI. Here, both the names belong to the names of my same daughter. And, from now in her future she will be known as ISHIKA BHARTI for all her legal purposes. Affidavit no. – 09 Date : - 26/10/2026.

Affidavit
I, PRAMOD NANDAN PRASAD, S/o – SURYANANDAN PRASAD, R/o – Near S B School, Maula Bagh, Ara, Bhojpur, Arrah, Bihar – 802301. Do hereby solemnly affirm and declare that in my daughter's (PRISHA KUMARI) Aadhaar card her name is mentioned as RUNJHUN KUMARI. But, in her birth certificate as well as in her school her name is mentioned as PRISHA KUMARI. Here, both the names belong to the names of my same daughter. And, from now in her future she will be known as PRISHA KUMARI for all her legal purposes. Affidavit No. – 59604 Date: - 28/10/2026.

शपथ पत्र
मैं, संजीत यादव उर्फ संजीत कुमार राय, पिता-शर्मा यादव उर्फ शर्मा राय, निवासी ग्राम-अलेखी टोला, पो.-नेकनाम टोला, थाना-बड़हरा, जिला-भोजपुर बिहार-802311, शपथ पत्र सं.-60294 दि. 03.11.26 द्वारा सूचित करता हूं कि मेरे खाता सं.-48050100003533 में मेरा नाम संजीत कुमार राय (Sanjeet Kumar Ray), पिता-शर्मा राय (Sharma Ray) एवं जन्म तिथि 01.01.1999 दर्ज हो गया है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड सं.-374805186648 में मेरा नाम संजीत यादव (Sanjeet Yadav), पिता-शर्मा यादव (Sharma Yadav) एवं जन्म तिथि 28.07.1999 दर्ज है, जो सही है।
9/482/26

AFFIDAVIT
I, SHAJDI RANGREJ D/o SULEMAN W/o MD.YUNUS NAYEEM R/o Almijan Nagar, Nohsa, Phulwari Sharif, Phulwari, PO: Phulwarisharif, DIST: Patna, Bihar - 801505, have changed the name of my minor daughter RANI PRAVEEN aged 16 years and she shall hereafter be known as RANI PRATHAM RANGREJ, I have changed only her name, not her religion.

शपथ पत्र
मैं, रणविजय कुमार सिंह पिता स्व. बालेश्वर प्रसाद सिंह, स्थायी पता-ग्राम + पोस्ट-शंभूपट्टी, थाना- समस्तीपुर (नया कर्पूरी ग्राम), जिला-समस्तीपुर, पिन-848129 (बिहार), वर्तमान पता राजीव नगर, रोड नं.- 25ए, थाना- राजीव नगर, जिला पटना, पिन 800024, बिहार का निवासी हूँ शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम 'उज्जवल' अंकित है, अब मैं अपने पुत्र 'उज्जवल' के नाम में अपना सरनेम 'सिंह' अंकित करवाना चाहता हूं। अब से मेरा पुत्र 'उज्जवल' के जगह पर 'उज्जवल सिंह' के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।
Afdt no-3695 Date-05.11.2026

NAME CHANGE
I, SANGITA KUMARI (संगीता कुमार), D/o–YAMUNA YADAV, R/o–Vill–Kamal Pipra, Ward No. – 02, P.O.–Nauwadih, P.S.–Pahadpur, Dist.–East Champaran, Bihar - 845458. Do hereby solemnly affirm and declare that in my Aadhar card my name is mentioned as SANGITA YADAV (संगीता यादव). But, in my birth certificate as well as in my School leaving certificate my name is mentioned as SANGITA KUMARI (संगीता कुमार). Here, both the names belong to the names of the same person. And, from now in my future I will be known as SANGITA KUMARI (संगीता कुमार) for all my legal purposes. Affidavit no. – 6928 Date: - 07/11/2026

जनता दरबार में 9 फरियादियों ने लगायी डीडी से गुहार

जहानाबाद। मुख्यमंत्री के सबका सम्मान जीवन आसान निश्चय के तहत जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पियूष की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लैक्स भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनता दरबार में कुल 09 आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें मुख्य रूप से भूमि पर अवैध कब्जा एवं जबरन जोताई, दाखिल-खारिज, जमाबंदी एवं डिमांड, बंदोबस्त पर्चा, रैयती भूमि की मापी तथा शौचालय के पानी की निकासी से संबंधित मामले शामिल रहे। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों की समुचित जाँच कर नियमानुसार समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा तथा आमजनों को समस्याओं के समाधान हेतु बार-बार कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन सबका सम्मान जीवन आसान की भावना के अनुरूप आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता (विशेष कार्यक्रम) तेज नारायण राय, जिला पंचायत राज पदाधिकारी राज कुमार सिन्हा, वरीय उप समाहर्ता नेहा कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार, उत्पाद अधीक्षक दिलीप कुमार पाठक, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी आकांक्षा गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनी दीपावली-गोवर्धन पूजा

बेलाव में हुई कुश्ती प्रतियोगिता

कलेर, अरवल। कलेर प्रखंड क्षेत्र में दीपावली एवं गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। प्रशासन की सतर्कता और पुलिस की मुस्तैदी के बीच दोनों पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गए। वहीं, बेलाव पंचायत में गोवर्धन पूजा के अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



इसमें विभिन्न जगहों से आए पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला और दमखम का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और दर्शक जुटे रहे। लोगों ने तालियों के साथ पहलवानों का उत्साह बढ़ाया और कुश्ती का भरपूर आनंद लिया। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल सक्रिय रहा। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। प्रशासन की सतर्कता के कारण क्षेत्र में कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

साधु के वेश में ठगी करने पहुंचे दो संदिग्ध गिरफ्तार, ग्रामीणों ने पकड़ा

महिलाओं की बालियां और सोने की चेन चोरी करने का आरोप

अरवल। जिले के उमैराबाद गांव में साधु का भेष धारण कर भिक्षा मांगने के बहाने पहुंचे दो संदिग्ध व्यक्तियों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों पर महिलाओं के कान की बालियां और गले की चेन चोरी करने का आरोप है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति साधु के वेश में गांव के घरों में भिक्षा मांगने के बहाने प्रवेश कर रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों को उनकी गतिविधियों पर संदेह हुआ। लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया और अरवल टाउन थाना पुलिस को सूचना दी। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र निवासी पलकी राठौर, पिता बलि चंद राठौड़ तथा उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के विश्वरी गांव निवासी नजरू, पिता गुलाब के रूप में हुई है।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। सदर थानाध्यक्ष राजकिशोर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जहानाबाद जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यायालय,
श्री मान प्रधान न्यायाधीश
मेट्रोमानियल केस नं 74/2026
संजय कुमार........... वादी/आवेदक
बनाम
पुनम कुमारी..........प्रतिवादी/आवेदक
नोटिश बनाम : 1. पुनम कुमारी पिता रणवीर साव साकिन ग्राम वो पोस्ट बौरी बेलदारी थाना हुलासगंज जिला जहानाबाद पिन कोड नं0-804407

चूं बजरिये नोटिश आपको सूचित किया जाता है कि इस मुकदमा में हाजिर होने के लिए आपके नाम वो पता से मेरे न्यायालय द्वारा पदचर एवं निबंधित डाक से सम्मन भेजा गया है, परन्तु आप हाजिर नहीं हुए हैं। अतएव् इस सूचना पत्र के द्वारा अंतिम रूप से आपको आगाह किया जाता है कि अगली निर्धारित तिथि 25.11.26 को समय 10 AM बजे कदन में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर जो कुछ उजूर पेश करना हो करें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक तरफा सुनवाई कर आदेश पारित किया जायेगा, इसे ताकिद जानें। मेरे दस्तखत और इस अदालत की मुहर से जारी पाया ।
ह./-प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय, जहानाबाद

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

जहानाबाद। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत में 25 वर्षीय अमित कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। अमित महादीपुर गांव के निवासी थे और दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। वह दीपावली का त्योहार अपने परिवार के साथ मनाने के लिए हादसे से महज एक दिन पहले ही दिल्ली से अपने गांव आए थे। रविवार शाम को जब वह बाइक से जहानाबाद से अपने गांव लौट रहे थे, उसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। हादसे के तुरंत बाद उनके दोस्त राजेश कुमार उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सं.- सीआरडब्ल्यू-एचआरटी-एम-सीओएमआईटी-बीटी-16-2 दिनांक: 05.11.2026
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली) आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम एवं स्थान: सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत एवं पूर्व मध्य रेल के विभिन्न कोचिंग डिपो में 'पर्यावरण बायो-टॉयलेट को ट्रेपेजॉइडल (सामान्य) आकार के बायो-टॉयलेट में बदलने के काम के लिए मैकेनिकल गतिविधियों की आउटसोर्सिंग का कार्य। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 26,05,33,636.48/- (रू. छब्बीस करोड़ पाँच लाख तैंतीस हजार छः सौ छतीस एवं अड़तालीस पैसे मात्र)। **3. निविदा प्रपत्र की राशि:** शून्य. **4. अग्रधन की राशि:** रू. 52,10,700.00 (रू. बावन लाख दस हजार सात सौ मात्र)। **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 25.11.2026 को 11:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दी जाय एवं उसी दिन 11:15 बजे निविदा खोली जायेगी। **5. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है:** निविदा सूचना पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत
पीआर/1285/एचआरटी/एमईसीएच/टी/26-27/48

शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ सात सूत्री मांगों पर समझौता

जहानाबाद। बिहार राज्य शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के नेताओं को जिला शिक्षा कार्यालय में पांच सदस्यप्रतिनिधि मंडल के साथ सात सूत्री समझौता हुआ। प्रतिनिधि मंडल की मध्यस्थता अनुमंडल पदाधिकारी ने की। सभी शिक्षकों का सेवा पूस्त 10 दिनों में वेतन निर्धारण करने की चर्चा हुई कार्यालय द्वारा बताया गया कि अभी बकाया वेतन का भुगतान नहीं करने का आदेश विभाग द्वारा दिया गया है। जैसे ही भुगतान के आदेश आता है वैसे ही सभी शिक्षकों का बकाया वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। 34540 शिक्षकों का एमएसीपी का लाभ एक सप्ताह में कर देने का बात कही गई। सेवा निवृत्ति के उपरांत या मृत्यु के उपरांत सीमांत लाभ का भुगतान कर दिया जाएगा। मध्याह्न भोजन में कार्यालय के सगे संबंधियों को भेंडर बनाने पर उसके जांच स्वयं एसडीओ ने जांच करने की बात कही। जिले के शेष शिक्षकों का वेतन भुगतान हेतु एडवाइस बैंक में चले जाने की बात बताई गई। शिक्षकों की अन्य समस्याएं एक सप्ताह के बाद पुन: अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी वार्ता होगी। वार्ता के दौरान सत्येंद्र कुमार, संजय कुमार, शंभू कुमार, दानिश अकबर अली, मंटू शर्मा, सुदर्शन कुमार आदि मौजूद रहे।

जयपुर-आसनसोल-जयपुर स्पेशल ट्रेन

उत्सव के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 09719/09720 जयपुर-आसनसोल-जयपुर स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

जयपुर-आसनसोल			(09719) (09720)	आसनसोल-जयपुर		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
07.11.26	–	12.45	जयपुर	03.30	–	10.11.26
	18.40	18.42	टूण्डला	20.55	21.00	09.11.26
08.11.26	09.00	09.10	पटना	05.10	05.20	
	11.55	11.57	किऊल	01.18	01.20	
	14.58	15.00	जसीडीह	23.18	23.20	08.11.26
	18.30	–	आसनसोल	–	21.00	

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, भरतपुर, ईदगाह आगरा, इटावा, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, बख्तियारपुर, मोकामा, झाझा, मधुपुर और चितरंजन रेलवे स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने का दिन/तिथि: जयपुर से** -09719 दिनांक 07/11/2026 (शनिवार) को = 01 ट्रिप और **आसनसोल से**-09720 दिनांक 08/11/2026 (रविवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 2 टियर-02, एसी 3 टियर-08, शयनयान श्रेणी-05, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 02 और एसएलआरडी-02 = 19 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे